# पूर्वांचल एक्सप्रेस वेः लोकार्पण की तैयारी तेज

## निरीक्षण

मऊ/सुलतानपुर | हिटी

अपर मुख्य सचिव गृह, यूपीडा सीईओ अवनीश कुमार अवस्थी ने रविवार को मऊ में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे का निरीक्षण किया। इस दौरान अवस्थी ने डीएम से एक्सप्रेस-वे के कार्यों की प्रगति भी जानी। वहीं अवस्थी ने कहा कि 16 नवम्बर को पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे आम लोगों को समर्पित किया जाएगा।

पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे का संभवतः 16 नवंबर को प्रधनमंत्री उद्घाटन करेंगे। इसको लेकर शासन-प्रशासन स्तर पर तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसी के तहत रविवार को अपर मुख्य सचिव गृह, यूपीडा सीईओ अवनीश कुमार

### प्रगति जानी

- मऊ में एक्सप्रेस- वे का अपर मुख्य सचिव ने किया निरीक्षण
- यूपीडा सीईओ अवनीश अवस्थी ने डीएम से जानी प्रगति

अवस्थी ने मऊ में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे का निरीक्षण किया। अवनीश कुमार अवस्थी हेलीकॉप्टर से सुबह करीब 10.40 बजे मुहम्मदाबाद गोहना के भुजही पहुंचे।

भुजही से डीएम अमित सिंह बसंल और अन्य उच्चाधिकारियों के साथ अवस्थी कार से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर गए और निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। वहीं डीएम समेत अन्य अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में अवस्थी ने कहा कि 16 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन संभावित है। 16 नवम्बर को पूर्वांचल एक्सप्रेसवे आवागमन के लिए खोल दिया जाएगा।



अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश अवस्थी ने सुलतानपुर में तैयारियों की जानकारी ली।